





**करार के तहत बीसीसीआई को मिलते है 440 करोड़ रुपये**

चीन की मोबाइल फोन कंपनी वीवो आईपीएल की टाइटिल प्रायोजक है और 2022 तक चलने वाले करार के तहत वह प्रत्येक साल बीसीसीआई को 440 करोड़ रुपये देती है। आईपीएल से जुड़ी कंपनियों पेटीएम, स्विगी और ड्रीम इलेवन में भी चीन की कंपनियों का निवेश है। सिर्फ आईपीएल नहीं बल्कि टीमों को भी चीन की कंपनियां प्रायोजित करती हैं। वाडिया ने अपना रुख साफ कर दिया है लेकिन चेन्नै सुपर किंग्स सहित अन्य टीमों ने कहा कि वे सरकार के फैसले को मानेंगी। नेस ने कहा, 'हां, शुरुआत में प्रायोजक ढूंढना मुश्किल होगा लेकिन मुझे लगता है कि पर्याप्त भारतीय प्रायोजक मौजूद हैं जो उनकी जगह ले सकते हैं।

## आईपीएल को चीनी प्रायोजकों से नाता तोड़ना चाहिएः नेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। किंग्स इलेवन पंजाब के सह मालिक नेस वाडिया ने इस महीने की शुरुआत में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण मंगलवार को आईपीएल में चीन की कंपनियों के प्रायोजन को धीरे–धीरे खत्म करने की मांग की। गलवान घाटी में 15 जून को 20 भारतीय सैनिकों की मौत के बाद चीन के उत्पादों के बहिष्कार की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। चीन ने हालांकि अब तक अपने सैनिकों के मारे जाने की जानकारी साझा करने से इनकार किया है। इस घटना के बाद बीसीसीआई को चीन की कंपनियों द्वारा प्रायोजन की समीक्षा के लिए आईपीएल संचालन परिषद की बैठक बुलानी पड़ी लेकिन यह बैठक अब तक नहीं हो पाई है। वाडिया ने कहा, 'हमें देश की खातिर आईपीएल में चीन के प्रायोजकों से नाता तोड़ना करना चाहिए। देश पहले है, पैसा बाद में आता है। और यह इंडियन प्रीमियर लीग है, चीन प्रीमियर लीग नहीं। इसे उदाहरण पेश करना चाहिए और रास्ता दिखाना चाहिए।'

# रविंद्र जडेजा 21वीं सदी में भारत के सबसे मूल्यवान टेस्ट खिलाड़ी

**क्रिकेट**

## विजडन ने गेंद, बल्ले और फील्डिंग में योगदान की वजह से दिया स्थान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को 21वीं सदी की भारतीय टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी घोषित किया गया है। विजडन ने गेंद, बल्ले और फील्डिंग में योगदान की वजह से यह स्थान दिया गया है। विजडन ने क्रिकविज का आकलन चुनते हुए 30 खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की है जिसमें जडेजा कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर हैं। पहला स्थान मुथैया मुरलीधरन को दिया गया है।

एकदिवसीय क्रिकेट की बात करें इंग्लैंड के ऑलराउंडर ऐंड्रू फ्लिंटॉफ चोटी पर हैं और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को दूसरे नंबर पर रखा गया है। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के कई दिग्गज खिलाड़ियों को इसमें जगह मिली है। लेकिन कई बड़े नाम इस लिस्ट से गायब हैं। इसमें टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर और इंग्लैंड के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम शामिल नहीं हैं।



टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली को 18वें और वनडे में छठे नंबर पर रखा गया है। वहीं सचिन को वनडे टीम में 22वें पायदान पर रखा गया है। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 8वें पायदान पर हैं।

इस लिस्ट को एनालिसिस कंपनी क्रिकविज ने तैयार किया है। इसे बनाने के लिए हर खिलाड़ी को एक खास एमपीवी रेटिंग दी गई। इसमें आंकड़ों के जरिए यह देखा गया कि उस खिलाड़ी का बाकियों के मुकाबले मैच का कितना असर पड़ा।

क्रिकविज के फ्रेडी वाइल्ड ने विजडन को बताया, आपको रविंद्र जडेजा को भारत का नंबर वन खिलाड़ी देखकर हैरानी हो रही होगी। आखिर वह उनकी टेस्ट टीम में अपने आप जगह भी नहीं बनाते। हालांकि जब भी वह खेलते हैं तो उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर के तौर पर चुना जाता है और वह नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हैं। वह मैच में काफी योगदान देते हैं।

उन्होंने आगे कहा, 31 वर्षीय जडेजा की गेंदबाजी औसत 24.62 है जो शेन वॉर्न से बेहतर है और उनकी बल्लेबाजी औसत 35.26 है जो शेन वॉटसन से बेहतर है। उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच 10.62 का अंतर है जो इस सदी में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों, जिन्होंने 1000 से ज्यादा रन बनाए और 150 से ज्यादा विकेट लिए, में दूसरे नंबर का है। वह हाई क्वॉलिटी ऑलराउंडर हैं। टी20 क्रिकेट की बात करें तो अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को नंबर वन पर रखा गया है। लेग स्पिनर राशिद ने अपने खेल से काफी प्रभावित किया है। दूसरे नंबर पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर तीसरे स्थान पर हैं और क्रिस गेल छठे पायदान पर रखा गया है।

# महज 16 साल की उम्र में किया डेब्यू और खेला एकमात्र टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। खालिद हसन की उम्र सिर्फ 16 साल 352 थी जब उन्होंने अपना टेस्ट मैच खेला। पाकिस्तान के इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में डेब्यू किया। उस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी थे। हालांकि वक्त के साथ–साथ वह काफी पीछे छूट गए।

आज अगर बात करें तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का रेकॉर्ड पाकिस्तान के हसन रजा के नाम है। हालांकि उनकी असली उम्र को लेकर कई सवाल रहे लेकिन आधिकारिक रूप से हसन ही सबसे युवा डेब्यू करने वाले खिलाड़ी हैं। हसन ने 14 साल 227 दिन की उम्र में अपना



जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया।

पर यहां बता खालिद हसन की हो रही है। हसन के नाम भले ही सबसे युवा डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का रेकॉर्ड न रहा हो लेकिन एक रेकॉर्ड उनके नाम दर्ज हो गया है। और वह एक ऐसा रेकॉर्ड है जो शायद हसन अपने नाम न चाहते हों।

खालिद हसन ने पाकिस्तान के लिए सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला। यानी उनका टेस्ट करियर सिर्फ पांच दिन का रहा। 16 साल 352 दिन की उम्र में डेब्यू करने वाले खालिद का करियर 16 साल 356 दिन की उम्र में समाप्त हो गया। यानी सबसे कम उम्र में करियर समाप्त होने वाले खिलाड़ी हैं खालिद हसन।

खालिद का जन्म 14 जुलाई 1937 को अविभाजित भारत के पेशावर शहर में हुआ। उन्होंने सिर्फ 1 ही टेस्ट मैच खेला जिसमें 17 रन बनाए। इसके अलावा उस मैच में उन्होंने दो विकेट भी लिए। खालिद ने 17 फर्स्ट क्लास मैच खेले 113 रन बनाए और लेग ब्रेक गेंदबाजी से 28 विकेट लिए। उनका फर्स्ट क्लास करियर 1958–59 तक चला। 3 दिसंबर 2013 को लाहौर में उनका निधन हो गया।

## मौजूदा गेंदबाजों के सामने शायद बेहतर बल्लेबाजः महेला जयर्वधने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने कहा है कि मौजूदा गेंदबाजों की तुलना पूर्व खिलाड़ियों से करना गलत होगा, क्योंकि जसप्रीत बुमराह और कागिसो रबादा के सामने शायद पहले से बेहतर बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा, 'अगर आप आज के दौर के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष 10 गेंदबाजों को देखेंगे तो उन्होंने अपना शुरुआती करियर उस दौर में बिताया है। मैंने कपिल देव और कर्टनी वॉल्श को नहीं खेला क्योंकि मैंने उनके बाद क्रिकेट शुरू की।'

जयवर्धने ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर संजय मांजरेकर से बात करते हुए कहा, 'तब मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, ग्लैन मैक्ग्रा, अनिल कुंबले, भज्जी (हरभजन सिंह), सकलैन मुश्ताक, वसीम अकरम, वकार यूनिस थे। इनके आंकड़े इनके बारे में बताते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें अभी देखना है कि मौजूदा गेंदबाजों की पौध उन आंकड़ों तक पहुंचती है या नहीं। मौजूदा गेंदबाज शायद बेहतर बल्लेबाजी ईकाई के सामने खेल रहे हैं।' जयवर्धने ने सभी प्रारूपों में श्रीलंका के लिए कुल 652 मैच खेले हैं और वह दुनिया के महान बल्लेबाजों में गिने जाते हैं।

## न्यूज डायरी



### युजवेंद्र चहल ने शेयर किया पुराना वीडियो, ऋषभ पंत से लिए मजे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंस्टाग्राम पर एक थ्रोबैक (पुराना) वीडियो शेयर किया जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और टीम इंडिया के स्ट्रेंथ ऐंड कंडीशनिंग कोच निक वेब नजर आ रहे हैं। इस वीडियो मे पंत निक के साथ बॉक्सिंग सेशन में नजर आ रहे हैं वहीं युजवेंद्र चहल विकेटकीपर बल्लेबाज के ऐक्शन को पीछे से कॉपी कर रहे हैं। चहल ने इस वीडियो के साथ कैप्शन दिया है– पंत भैया क्यों थक रहे हो, इसके साथ चहल ने कई लॉफिंग इमोजी बनाई हैं। चहल के इस मजेदार कैशन ने न सिर्फ फैंस का ध्यान खींचा बल्कि पंत भी इस पर अपनी हंसी रोक नहीं पाए। उन्होंने भी जवाब में लाफिंग इमोजी बनाई। पंत के दिल्ली कैपिटल्स के टीम के साथ हर्षल पटेल ने भी वीडियो पर कॉमेंट किया, हा हा हा हा, ऐसे ही लगे रहते हैं लोग। इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलने वाले युजवेंद्र चहल सोशम मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई हालात में सफल हो सकते हैं रोहितः हसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। माइकल हसी का मानना है कि रोहित शर्मा अपनी क्षमता और कौशल के दम पर इस साल के आखिर में होने वाले दौरे में ऑस्ट्रेलिया की मुश्किल परिस्थितियों में भी सफल हो सकते हैं। भारत को चार टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जिसका पहला मैच ब्रिस्बेन में तीन दिसंबर से खेला जाएगा। इस सीरीज के दौरान रोहित पर निगाहें टिकी रहेंगी जिन्होंने पिछले साल अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पहली बार सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर शानदार प्रदर्शन किया था। वह पिंडली की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दोनों टेस्ट में नहीं खेल पाये थे। हसी ने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में दुनिया के किसी भी बल्लेबाज की परीक्षा होती है लेकिन मेरा मानना है कि उसने (रोहित) एकदिवसीय क्रिकेट में शीर्ष क्रम में काफी मैच खेले हैं और उसे अब टेस्ट मैचों में भी सफलता मिली है और इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा।'

### कप्तान के रूप में बेहतरीन साबित होंगे स्टोक्सः इंग्लैंड कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथम्पटन। इंग्लैंड के कोच क्रिस सिल्वरवुड का मानना है कि स्टार हरफनमौला बेन स्टोक्स वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ जुलाई से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट में बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। नियमित कप्तान जो रूट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड के विश्व कप नायक स्टोक्स को मंगलवार को पहले टेस्ट के लिए रूट की जगह कप्तान बनाया गया। कभी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भी कप्तान नहीं रहे रूट पहली बार टीम की कमान संभालेंगे। सिल्वरवुड ने 'द गार्डियन' अखबार से कहा, 'मुझे लगता है कि वह शानदार कप्तान साबित होगा। वह मोर्चे से अगुवाई करता है। उसे अपने खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराना भी आता है।' उन्होंने कहा, 'हमें पता है कि उसका आक्रामक स्वभाव है लेकिन उसे क्रिकेट की भी उतनी ही समझ है। मैं उसे हर तरह से मदद करूंगा।' उन्होंने यह भी बताया कि जोस बटलर इस मैच में इंग्लैंड के उपकप्तान होंगे।

### प्रतिबंधित दवाओं को लेकर अपडेट करेगा नाडा का ऐप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खेलों को डोपमुक्त बनाने की कवायद में खेल मंत्री किरण रिजिजू ने राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) का पहला मोबाइल ऐप लॉन्च किया जो खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं और उनके इस्तेमाल से बचने की जानकारी देगा। यह ऐप नाडा और खिलाड़ियों के बीच सेतु का काम करेगा। इससे उन्हें खेलों के विभिन्न पहलुओं खासकर प्रतिबंधित दवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी मिल सकेगी। रिजिजू ने ऐप के ऑनलाइन लॉन्च के मौके पर कहा, 'भारतीय खेलों की दिशा में यह अहम कदम है। हम खेलों को साफ सुथरा बनाने की कोशिश में जुटे हैं और पहला कदम जागरूकता पैदा करना है। खिलाड़ियों को प्रासंगिक और जरूरी सूचनाएं देना अहम है ताकि वे इन दवाओं के इस्तेमाल से बचें।'